दैनिक भास्कर

पाली भास्कर 22-08-2023

कॉलेज में ओरियंटेशन प्रोग्राम में नई शिक्षा नीति की जानकारी दी

पाली | बांगड़ महाविद्यालय में बीकॉम प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए ओरियंटेशन प्रोग्राम सोमवार को हुआ। विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति 2020 की जानकारी दी गई। बीकॉम प्रथम वर्ष मेंटर डॉ. विनीता अरोड़ा ने ओरियंटेशन कार्यक्रम के उद्देश्य बताए। कॉमर्स संकाय डीन डॉ. अपूर्व माथुर ने स्नातक कक्षाओं के लिए सेमेस्टर प्रणाली को विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने बताया कि इस सेमेस्टर प्रणाली के अंतर्गत विद्यार्थियों को प्रत्येक विषय में 70 अंकों की बाह्य मूल्यांकन परीक्षा और 30 अंकों की आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा देनी होगी, जिसमें विभिन्न मापदंडों पर विद्यार्थियों को परखा जाएगा। विद्यार्थियों को प्रथम सेमेस्टर से ही प्रेजेंटेशन, असाइनमेंट दिए जाएंगे।द्ध विद्यार्थी प्रत्येक सेमेस्टर के साथ क्रेडिट अर्जित करेगा और ये क्रेडिट्स उसके एकेडमिक बैंक में जमा होते जाएंगे। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुषमा शर्मा ने भी विचार रखे। कार्यक्रम में वाणिज्य संकाय सदस्य डॉ. मुकेश सांखला, डॉ. राधा सोलंकी, गिरीश मल्ल, गणेश राम एवं मानवी शेखावत भी मौजूद रहे।


Date
22.7.23
Chaperones
GPS Map Camera
Pali, Rajasthan, India
Raghu Market, opposite Bangad College, Indira Colony Vistar,
Pali, Rajasthan 306401, India
Lat 25.77199°
Long 73.341926°
21/08/23 12:01 PM GMT +05:30
Google

SFS-C-444
SFS-C-432
SFS 169
GPS Map Camera
Pali, Rajasthan, India
744, Indira Colony Vistar, Marwar, Pali, Rajasthan 306401, India
Lat 25.771278°
Long 73.342316°
21/08/23 12:00 PM GMT +05:30
Google